रोहतक

रविवार, 9 मार्च, 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 38

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 32.3

न्यून. 8.6


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**चैंपियन ट्रॉफी**

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी मुकाबला आज

**दोपहर 2 .30 बजे शुरू होगा मैच**

**रोहित और विराट पर होंगी नजरें**

**दुबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का फाइनल मैच खेलेगी। भारत का न्यूजीलैंड से सामना होगा। टीम इंडिया ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। फाइनल मैच रविवार दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले को जियो हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर लाइव देखा जा सकेगा। अब तक अपने प्रतिद्वंद्वियों और आलोचकों को हाशिये पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी। वहीं, न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है। (खेल पेज भी देखें)







## पंचकूला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सीएम का ऐलान

# महिलाओं को डेयरी के लिए एक लाख ब्याज मुक्त लोन

*उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित*

*44 नए आंगनबाड़ी केंद्र और 3 नए पोर्टल का उद्घाटन*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं के लिए कई बड़े ऐलान किए और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, खिलाड़ियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। सीएम ने होली से पहले महिलाओं को बड़ी सौगातें दीं। प्रदेश में नियमित महिला सरकारी कर्मचारियों को अब प्रतिवर्ष 20 की बजाय 25 छुट्टियां मिलेंगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत काम कर रही महिला कर्मियों को प्रतिवर्ष 10 छुट्टियां मिलती थी। अब इन्हें 22 छुट्टियां दी जाएंगी। महिलाओं को डेयरी इकाइयां स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। सैनी ने ऑनलाइन माध्यम से प्रदेश में 44 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन और बाल भवन चरखी दादरी का शिलान्यास किया। सैनी ने कहा कि हमने हरियाणा में महिला कृषि वृद्धि योजना शुरू करके कृषि परिवारों में महिलाओं की पशुधन पालन, मधुमक्खी पालन, झोंगा पालन, डेयरी फार्मिंग और अन्य कृषि उद्यम जैसी गतिविधियों के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने का संकल्प लिया था।

### विकसित भारत में माताओं व बहनों का होगा सबसे बड़ा योगदान

**नियमित महिला कर्मचारियों को अब प्रतिवर्ष 20 की बजाय 25 छुट्टियां मिलेंगी**

**एचकेआरएन के तहत महिला कर्मियों को 22 छुट्टियां मिलेंगी**

**जुलाना विधायक विनेश फोगाट सम्मान लेने नहीं पहुंची**





### महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण

सीएम ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान सबसे अहम होता है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो परिवार, समाज और देश आगे बढ़ता है। पीएम नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत में देश की माताओं, बहनों और बेटियों का सबसे ज्यादा योगदान होगा। सीएम पंचकूला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### ये पोर्टल शुरू

- घरेलू हिंसा शिकायत पंजीकरण व निगरानी पोर्टल।
- आपकी बेटी-हमारी बेटी के लिए एमआईएस पोर्टल।
- एसएनपी मांग और आपूर्ति पोर्टल शुरू किया गया।

### लैंगिक समानता को जन आंदोलन का रूप दें

सैनी ने कहा, आज का दिन न केवल महिलाओं का सम्मान करने का है, बल्कि उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी है। अगर आज हम दुनियां को सुंदर, सशक्त और सुदृढ़ रूप में देखते है तो उसमें महिलाओं का ही योगदान है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम भी 'लैंगिक समानता के लिए कार्य में तेजी लाना' है। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता को एक नारा नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप देना होगा, ताकि हर बेटी और हर महिला को पूरा मान सम्मान मिले। हमें लिंगानुपात में बराबरी लाने के लिए अपने प्रयासों को और तेज करना होगा।

**कबड्डी चैंपियनशिप**

## कैथल के गांव पाई की बहू पूजा ने दिलाया गोल्ड मेडल



**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** गांव पाई की बहू पूजा नरवाल ढुल ने छठी अंतरराष्ट्रीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत ने ईरान को हराकर जीत हासिल की और गोल्ड मेडल जीता। पूजा पाई से प्रो कबड्डी के सितारे संदीप ढुल की पत्नी हैं। पूजा और संदीप दोनों इस समय भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं और दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। पूजा ने 19वें एशियन गेम्स 2023 में चीन के हांग्जो में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। यह उनकी लगातार दूसरी उपलब्धि है।

### ये पदक जीते

- उत्तराखंड में नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल
- मैट कबड्डी में सिल्वर मेडल जीता था।
- सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता।

**खबर संक्षेप**

### भर्ती परीक्षा में कदाचार दो आरोपितों की बेल रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक सार्वजनिक भर्ती परीक्षा की शुचिता से समझौता करने के आरोपित दो व्यक्तियों को जमानत देने के आदेश को रद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इससे संभवतः कई अन्य लोग प्रभावित हुए हैं, जिन्होंने नौकरी पाने की उम्मीद में ईमानदारी से प्रयास किया था। पीठ ने कहा कि इस तरह के कृत्य लोक प्रशासन व कार्यपालिका पर जनविश्वास में संभावित कमी के द्योतक हैं। भाषा

### आयुषी और विप्रा बनीं लीवा मिस दिवा 2024

**नई दिल्ली।** आयुषी मलिक और विप्रा मेहता ने लीवा मिस दिवा 2024 के ग्रैंड फिनाले में जीत हासिल कर खिताब जीत लिया। आयोजकों की ओर से जारी बयान के अनुसार, मलिक को लीवा मिस दिवा सुप्रानेशनल और मेहता को लीवा मिस दिवा कॉस्मो का ताज पहनाया गया। लीवा मिस दिवा का फिनाले मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। भाषा

### समुद्री जहाज से 33 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक बल और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने हाल ही में एक बड़े मादक पदार्थ निरोधक अभियान के दौरान मालदीव जाने वाले एक जहाज से 33 करोड़ का हशीश तेल जब्त किया। एक बया में इसकी जानकारी दी गयी है। शनिवार को जारी बयान के मुताबिक, तटरक्षक बल और डीआरआई ने भारतीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों से लदे एक जहाज को सफलतापूर्वक रोका। भाषा

# हैदराबाद : 850 करोड़ की ठगी ईडी ने एयरपोर्ट से जेट जब्त किया

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त किया है। ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज केस से जुड़ा है। इन प्रमोटर्स पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपये इकट्ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद निवेशकों ने केस दर्ज करवाया।



**22 जनवरी को इसी बिजनेस जेट से विदेश भागे थे प्रमोटर्स**

**हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उनके प्रमोटर्स के खिलाफ ईडी की कार्रवाई**

**सीएमडी अमरदीप व अन्य के खिलाफ दर्ज है एफआईआर**

### इसी जेट का प्रयोग किया था

फाल्कन ग्रुप का सीएमडी अमरदीप कुमार इसी बिजनेस जेट के 22 जनवरी को जरीये विदेश भागा था। हालांकि कंपनी के उपाध्यक्ष और निदेशक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी के अनुसार कुमार की एक कंपनी के स्वामित्व वाला 8-सीटर बिजनेस जेट (एन935एच हॉकर 800ए) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 7 मार्च को उतरा, तो उसे जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इस जेट की कीमत 14 करोड़ रुपये से अधिक है।

## इजराइली पर्यटक समेत दो महिलाओं से गैंगरेप

**दरिंदगी**

**3 पुरुष पर्यटकों पर हमला, नहर में फेंका**

**एक की मौत**

**कर्नाटक में दो आरोपित पकड़े**

**कोप्पल (कर्नाटक)।** हम्पी के पास सनापुर झील किनारे गुरुवार रात 27 वर्षीय इजराइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि महिलाओं के साथ मौजूद तीन पुरुष पर्यटकों पर हमला भी किया गया और उन्हें नहर में धकेल दिया गया। इससे एक पर्यटक की मौत हो गई। कोप्पल के एसपी राम एल अरासिद्दी ने बताया, 'तीनों आरोपितों में से हमने दो को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मल्लेश और चेतन साई के रूप में हुई है। यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे उस समय हुई जब रात्रि भोजन के बाद होमस्टे संचालक 29 वर्षीय महिला, इजराइली नागरिक और तीनों पुरुष पर्यटक सनापुर झील के पास तुंगभद्र नहर के किनारे बैठकर गिटार बजाते हुए संगीत का लुत्फ उठा रहे थे। तभी यह वारदात की गई। एक पुरुष पर्यटक अमेरिका, एक ओडिशा और एक महाराष्ट्र का निवासी था।

*अनिल विहार में कार्रवाई बढ़मलिक में है कार्यालय*

## सोनीपत : कुटुंभ केयर कंपनी के मालिक नीरज पर ईडी के छापे

**सोनीपत ( हरिभूमि न्यूज)।** अनिल विहार में शनिवार को ईडी की टीम छापेमारी करने पहुंची। टीम ने यहां कुटुंभ केयर इंटरप्राइजेज कंपनी के मालिक नीरज शर्मा के घर पर छापेमारी की। पंजाब और चंडीगढ़ नंबर की दो गाड़ियों में ईडी के अधिकारी आए थे। अधिकारी दिनभर दस्तावेजों को खंगालते रहे। नीरज शर्मा का कार्यालय बढ़मलिक गांव में भी है। वह औरंगाबाद (ब्राह्मणवास) के रहने वाले हैं और गांव के सरपंच भी रह चुके हैं। वर्तमान में अनिल विहार में रहते हैं। वे माइनिंग कारोबार से जुड़े हुए हैं। माना जा रहा है कि पंजाब, यमुनानगर समेत कई जगहों पर उनके माइनिंग संबंधित कारोबार में हिस्सेदारी है।



**माइनिंग कारोबार से जुड़ा है नीरज शर्मा**

### सरपंच रहा तब गबन का केस दर्ज हुआ

नीरज 15-20 साल पहले शहर में आ गया था। गांव के सरपंच के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गबन का मामला दर्ज हुआ था, लेकिन सबूत न मिलने के कारण कोर्ट से बरी कर दिया गया था। नीरज की बढ़ मलिक में दवाइयों की फैक्ट्री भी है, जहां एक अन्य मामले में देहरादून पुलिस ने हर्बल फैक्ट्री की आड़ में नकली दवाइयां बनाने का भंडाफोड़ किया था।

**झारखंड में वारदात**

## एनटीपीसी अफसर की गोली मारकर हत्या, 6 हिरासत में

**हजारीबाग (भाषा)।** झारखंड के हजारीबाग में मोटरसाइकिल सवार दो बंदूकधारियों ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के 42 वर्षीय एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार ने बताया कि एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खदान परियोजना में उपमहाप्रबंधक (डिस्पैच) के पद पर तैनात कुमार गौरव की हत्या के सिलसिले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतह मोड़ के पास बंदूकधारियों ने गौरव की कार रोकी और उन पर गोलियां चला दीं।

**राहत** नायब सैनी बोले, डॉक्टरों की कमी जल्द पूरी की जाएगी

# हरियाणा को मिले 1090 चिकित्सा अधिकारी, सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को सीएम नायब सिंह सैनी ने नवचयनित 705 महिला चिकित्सा अधिकारियों सहित कुल 1090 चिकित्सा अफसरों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें स्वास्थ्य विभाग के 561 और आयुष विभाग के 529 आयुर्वेदिक चिकित्सा अफसर शामिल हैं। पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय अभिसंस्करण कार्यक्रम में सीएम ने स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों से आग्रह किया कि पूरी मेहनत व लग्न के साथ मानवता की सेवा करते हुए स्वस्थ हरियाणा और सशक्त भारत का निर्माण करने में योगदान दें।

### नवचयनितों में 705 महिला चिकित्सक



### डॉक्टरों की कमी पूरी होगी

सीएम ने कहा कि आज नियुक्त हुए डॉक्टर्स के सेवा में आने से डॉक्टरों की कमी पूरी होगी। वर्तमान में 777 चिकित्सा अधिकारियों के नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने अथक प्रयास कर रही है। एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 2185 कर दी हैं, जबकि वर्ष 2014 में केवल 700 सीटें थीं। पीजी की सीटें भी 289 से बढ़ाकर 1006 की गई हैं। इससे स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी पूरी होगी।

### 9 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए

सीएम ने कहा कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए उच्चकोटि के चिकित्सा शिक्षा संस्थान खोलने की जरूरत है। हरियाणा सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य रखा है। अब तक 9 नए मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं, इन्हें मिलाकर प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं। सरकार का लक्ष्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः का है। इसलिए प्रदेश में किफायती, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक 2,807 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की है।




## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिविर का आयोजन

**चंडीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ की स्वास्थ्य समिति ने फोर्टिस अस्पताल, मोहाली के सहयोग से संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। फोर्टिस अस्पताल की मेडिकल टीम में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल थे, जिनमें डॉ. प्रभा बंसल (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. अर्श कौर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शिखा गुप्ता (जनरल मेडिसिन), डॉ. रितेश खोखर (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डाइटिशियन लविशा, पैरामेडिकल स्टाफ मुस्कान, अंशिका (नर्सिंग), प्रिया शर्मा और एक लैब तकनीशियन शामिल थे।

### एक-एक मरला प्लाट देने का स्वागत

**पंचकूला।** शहर में बनी अवैध कालोनियों को मौके पर ही एक-एक मरला प्लाट देने का प्रस्ताव लाने पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महापौर कुलभूषण गोयल से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। मनोनीत पार्षद राजकुमार जैन ने कहा कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव है और सरकार को तुरंत इस पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गरीब लोग अपना आशियाना बना सके। भाजपा के युवा कार्यकर्ता जसवीर बिडलान ने कहा कि पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल द्वारा राजीव और इंदिरा कालोनी को एक-एक मरले का प्लाट देने का प्रस्ताव एक सराहनीय कदम है।

### सेक्टर 21 में बैडमिंटन हॉल कार्य का शुभारंभ

**पंचकूला।** सामुदायिक केंद्र सेक्टर 21 में बैंक्वेट हाल-बैडमिंटन हॉल कार्य का उद्घाटन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी की विशेष उपस्थिति रही। वार्ड पार्षद सुनीत सिंगला ने कुलभूषण गोयल एवं तरुण भंडारी का स्वागत किया। इस कार्य पर 1 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च होंगे। इस अवसर पर पार्षद जय कौशिक, सोनिया सूद, सुरेश वर्मा और पार्टी पदाधिकारियों सिद्धार्थ राणा, प्रमोद वत्स, उमेश सूद, टीआर गुप्ता, विनोद जैन और निवासियों की उपस्थिति रही। लोगों ने महापौर कुलभूषण गोयल का आभार व्यक्त किया।

### 21वीं सदी में दुनिया का सिरमौर बनेगा भारत

**चंडीगढ़/ झज्जर।** सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि 21वीं सदी में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर रहे हैं, अपितु देश की युवा शक्ति की प्रतिभा, क्षमता को निखारते हुए अनुकूल माहौल देने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं। शर्मा शनिवार को झज्जर के राजकीय पीजी नेहरू कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### शादी समारोह में मारपीट करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने शादी समारोह में मारपीट करने व हत्या प्रयास की वारदात में शामिल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष उर्फ बाबा, सुमित उर्पु भास्कर, प्रशांत उर्फ कुकु, अमित उर्फ तोती, श्यामा व पवन निवासी टिकौला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।बरोदा मोर निवासी रोहित ने गत 27 नवंबर को पुलिस को मामले की शिकायत दी थी।

### नशीला पदार्थ बेचने के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 व क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी आकाश व गौरव को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 व सेक्टर 48 की टीम ने क्रमशःगस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों के द्वारा गांजा बेचने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश निवासी राजीव कालोनी सेक्टर-56 को 450 ग्राम गांजा सहित वैरागी चौक व गौरव निवासी गांव चंदावली बल्लभगढ फरीदाबाद को 315 ग्राम गांजा सहित काबू किया।

# पंचकूला में 37वां बसंत उत्सव शुरू फूलों की महक से फिजा गुलजार

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ बोले- बसंत उत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित टाउन पार्क में विधिवत रूप से 37वें बसंत उत्सव का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय बसंत उत्सव का आयोजन पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत दुनिया का ऐसा देश है जिसमें अनेक ऋतुओं का संगम है और हर ऋतु का अपना महत्व है। यहां प्रत्येक ऋतु के आगमन पर कोई ना कोई पर्व मनाया जाता है। इसी कड़ी में बसंत के आगमन पर आज यहां 37वें बसंत उत्सव का आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला शिवालिक की तलहटी और माता मनसा देवी के चरणों में बसा आधुनिक शहर है।प्राकृतिक सुंदरता और सुव्यवस्थित विकास के लिए पंचकूला शहर जाना जाता है। यहां पर आधुनिकता और परंपरा का अंगूठा संगम देखने को मिलता है।उन्होंने कहा कि इस बार बसंत उत्सव में प्रकृति की अनुपम छटा हर तरफ दिखाई दे रही है। यहां पर फूलों को देखकर लगता है कि प्रकृति खुशी से झूम रही है।

■ मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी को दी बधाई


चंडीगढ़। उत्सव में फूलों को देखते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### नव ऊर्जा का संचार हो रहा

बसंत उत्सव में नव ऊर्जा का संचार महसूस हो रहा है। आज का यह आयोजन सभी के जीवन में नई उमंग लेकर आया है। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने विशेषतौर पर पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी लगातार मेहनत से इस बसंत उत्सव का सफल आयोजन संभव हुआ है। सैनी ने फेस्टिवल में फूलों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन करने के साथ-साथ पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल में स्कूली बच्चों द्वारा पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, रंगोली, चित्रकला, लोक नृत्य, लोक कलाकारों की प्रस्तुति सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे नागरिकों को सम्मानित भी किया। राउंड अबाउट के रखरखाव केटेगरी में चंडीमंदिर कैंट स्थित वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर्स के वेलनेस सेंटर को सम्मानित किया गया।

## हरियाणा में देश के पहले महिला रक्तदान शिविर का आयोजन

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों के लिए किए संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। रक्तदान महादान है और मानवता की सच्ची सेवा है। इस रक्तदान शिविर का संदेश पूरे देश में जाएगा और अन्य महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला पी.जी. महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित नारी शक्ति रक्तदान शिविर में रक्तदातों और उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

■ मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

### 138 ने किया रक्तदान

इस दौरान मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। रक्तदान शिविर में 138 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कई बार अनेक रक्तदान शिविरों में गया हूं। लेकिन ऐसा रक्तदान शिविर पहली बार देखा है, जिसमें केवल महिलाएं ही रक्तदान कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का इससे अच्छा और कोई तरीका नहीं हो सकता।

## मुख्यमंत्री ने अपनी सफलता का श्रेय 'मां' को दिया

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला दिवस के बहाने महिला हितों के लिए कईं घोषणा कर एक तीर से कईं निशाने साधने का काम किया है। एक तरफ जहां पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम सैनी ने अपनी सफलता के लिए मां को श्रेय दिया। अपनी मां के कारण से हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला दिवस पर हरियाणा पुलिस में जहां महिलाओं की संख्या बढ़ाए जाने की घोषणा की है। वहीं, नियमित महिला कर्मियों के विशेष अवकाश 25 दिन जबकि अनुबंधित महिला कर्मियों को दस दिनों अवकाश 22 छुट्टी कर दी हैं। साथ ही महिला उद्यमियों को एक लाख तक कर्ज को ब्याज मुक्त कर दिया गया है।पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बेहद खुश व आत्मविश्वास से भरे नजर आए। उन्होंने सेल्फी लेने का प्रयास कर रहीं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से फोन लिया और अन्य महिला मंत्री श्रुति चौधरी तीनों के साथ में मंच पर ही सेल्फी ली। इस दौरान सीएम ने बेहद ही भावुक अंदाज में मां को याद किया और कहा कि आरती राव, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा व श्रुति मंत्रिमंडल की हीरो हैं।सीएम ने इस दौरान मां मनसा देवी की भूमि से बोलते हुए महिला शक्ति को प्रणाम किया।

### पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की सहपाठी एडवोकेट शांता रंगा सम्मानित

सीएम ने एडवोकेट शांता रंगा को सुषमा स्वराज पुरस्कार देकर सम्मानित किया। रंगा का जन्म 15 जून 1943 को हुआ था। उन्होंने पंजाब वि. विद्यालय से कानून की पढ़ाई की थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की सहपाठी थीं। उन्होंने 1980 में बुल्गारिया के सोफिया और 1995 काठमांडू विश्व शांति सम्मेलन में हिस्सा लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया था।महिलाओं को स्वरोजार, बंधवा मजदूरी समाप्त करने, कार्यस्थल पर यौन शोषण मामलों में भी उन्होंने जोरदार तरीके से आवाज उठाने का काम किया।

## नए भारत के निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका : बड़ौली



**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुग्राम में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश की महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत में सदियों से यह कहा गया है कि जहां महिलाओं को सम्मान मिलता है और पूजा जाता है, वहां देवता निवास करते हैं। उन्होंनें कहा कि बहनें और बेटियां देवी का स्वरूप है। बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है। आज नए भारत के निर्माण में महिलाएं अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। भाजपा कार्यालय गुरुकमल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली, अंग दान के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। मंच से ही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने अपनी ''देह दान'' करने की घोषणा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने उषा प्रियदर्शी के इस साहसिक निर्णय की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी सहित अन्य नेता मौजूद रहीं।

■ गुरुग्राम में भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## अवैध खनन रोकने के लिए अधिकारी अलर्ट पर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही सरकारी नियमों की अनुपालना प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो, इस पर विशेष फोकस कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने के साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी हरियाणा सरकार विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है।हरियाणा सरकार खनन विभाग के माध्यम से राज्य में खनिज संसाधनोंके अन्वेषण, विकास और प्रबंधन को कवर कर रही है।खनन विभाग महानिदेशक के.एम.पांडुरंग का कहना है कि अवैध खनन को रोकने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है और संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के आदेश दिए गए हैं। अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर हरियाणा सरकार की पारखी नजर है ओर नियमों की अवहेलना करने वालों पर तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशानुसार प्रशासन नजर रख रहा है।

■ वाहनों के ई रवाना बिल पर भी है सरकार की पूरी मॉनिटरिंग

## होली आयी रे...


**रोहतक।** आईसी कॉलेज में होली खेलती छात्राएं। *फोटो : अनिल चहल*

## सरकार की कथनी और करनी में अंतर: सैलजा

**चंडीगढ़/कालांवाली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर है, वह केवल घोषणाएं करने तक सीमित है, किसान आज भी मुआवजे की मांग कर रहा है। कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भले ही कांग्रेस की सरकार न बनी हो पर जनता के काम नहीं रूकेंगे। कुमारी सांसद ने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा उनकी जीत में महिलाओं को विशेष योगदान है जिसे वे कभी नहीं भुला सकती। सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर सभाओं को संबोधित किया।



■ नारी शक्ति को महिला दिवस की दी बधाई

### हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही महिलाएं : सांसद

कालांवाली के अंबेडकर भवन में आयोजित सभा में सबसे पहले उन्होंने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत में महिलाओं को विशेष योगदान है जिसे कभी भूल नहीं सकती। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे तेजी से बढ़ रही है, देश के विकास में महिलाओं का योगदान किसी से छिपा नहीं हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि भले ही कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी पर किसी के काम नहीं रूकेंगे, जो भी लोगों की मांग है उसे पूरा करवाया जाएगा, कुछ काम डी प्लान के तहत करवाएं जाएंगे। कार्यकर्ता उम्मीद न छोड़े, उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि कालांवाली उनका अपना घर है, उनके परिवार को कालांवाली के लोगों से गहरा नाता है, उनके पिता चौ. स्व. दलबीर सिंह को यहां के लोगों का सदैव आशीर्वाद मिलता रहा और उनके बाद जनता का आशीर्वाद रूपी हाथ उनके सिर पर सदैव रहा है।

## प्रदेश में हरित ऊर्जा को दिया जा रहा बढ़ावा : शर्मा



**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस विनियम, 2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच को सरल और व्यापक बनाना है, जिससे एक अधिक सतत और कुशल विद्युत आपूर्ति प्रणाली सुनिश्चित की जा सके। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग अध्यक्ष, नन्द लाल शर्मा ने संशोधनों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुंच को सुगम बनाने और कनेक्टिविटी की बाधाओं को दूर करने से, ये संशोधन हरियाणा को एक हरित विद्युत ग्रिड को बढ़ावा देगा।

### स्कूलों के लिए चार स्थानीय अवकाश की घोषणा

**चंडीगढ़।** हरियाणाा सरकार ने नये शिक्षा सत्र के दौरान प्रदेश के स्कूलों में चार दिन का स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया है। लिखित आदेश में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 4 दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है। निदेशालय के लिखित पत्र के अनुसार 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 10 अक्टूबर को करवा चौथ तथा 25 नवंबर को गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य के स्कूलों में अवकाश रहेगा। अवकाश के अलावा रविवार और अन्य आधिकारिक छुट्टियों पर भी स्कूलों में अवकाश रहेगा।

# एसजीपीसी के फैसले पर विवाद बढ़ा, अकाली दल हरियाणा के पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**■ पदाधिकारी बोले, अकाली दल को एक परिवार की सपंति नहीं बनने दिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डोगरा गेट स्थित नीम साहिब गुरुद्वारा में अकाली दल बादल हरियाणा इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से हाल ही में लिए गए फैसलों की आलोचना की गई। इस मौके पर अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार स. रघबीर सिंह, आनंदपुर साहिब के जत्थेदार स. सुल्तान सिंह और पूर्व जत्थेदार स. हरप्रीत सिंह को हटाने का निर्णय तानाशाही भरा और तुगलकी फरमान बताया। इस फैसले के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल अब एक परिवार की निजी संपत्ति बनकर रह गया है। ऐसे में विरोध स्वरुप अकाली दल हरियाणा के पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया। इस्तीफा देने वालों में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रधान शरणजीत सिंह सौथा, पीएसी सदस्य व प्रधान महासचिव सुखबीर सिंह मांडी, वरिष्ठ उप-प्रधान पिरथीपाल सिंह झब्बर, युवा अकाली दल हरियाणा के प्रधान कुलदीप सिंह चीम, जींद जिले के महासचिव स. मालक सिंह चीमा, कैथल जिले के प्रधान स. भूपिंद्र सिंह व महासचिव स. प्रीतम सिंह, प्रदेश के महासचिव स. गुरमीत सिंह पुनियां, जिला कैथल के महासचिव स. सुच्चा सिंह कमेडी शामिल रहे। इस्तीफा देने के बाद प्रधान शरणजीत सिंह सौथा, पीएसी सदस्य व प्रधान महासचिव सुखबीर सिंह मांडी ने कहा कि वे अकाली विचारधारा के प्रति समर्पित हैं, लेकिन गलत फैसलों के साथ नहीं चल सकते।

■ डोगरा गेट स्थित नीम साहिब गुरुद्वारा में अकाली दल बादल हरियाणा इकाई की बैठक में फैसला


**कैथल।** मीडिया से बातचीत करते अकाली दल बादल हरियाणा के पदाधिकारी

### संगत की भावनाओं के अनुरूप आगे की रणनीति तय करेंगे

बैठक में एसजीपीसी के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद करने और सिख संगत की भावनाओं के अनुरूप आगे की रणनीति तय करने का संकल्प लिया गया। नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई सिख सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जारी रहेगी। इस बैठक की अध्यक्षता स. शरणजीत सिंह सौथा ने की। इस बैठक में स. नरबैर सिंह गोराया, स. सिकंदर सिंह जींद, एडवोकेट मनिंदर सिंह, गुरमहिंद्र सिंह गोराया (सरपंच), बलराज सिंह पोलड, अमरजीत सिंह फिरोजपुर, सुरजीत सिंह रामदासपुरा, अवतार सिंह सौथा, जसबीर सिंह सैर व अन्य मौजूद रहे।

**दी नारनौल कोऑप्रेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि_नारनौल**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नारनौल एवं नांगल चौधरी मंडी में सरसों की खरीद के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवष्यकता है जो कुशल लेबर ठेकेदार दी नारनौल सहकारी विपणन समिति लिमिटेड नारनौल के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 15.03.2025 को सुबह 10.00 बजे तक अपना आवेदन जमा करें। टेंडर फॉर्म प्रबंधक कमेटी के सामने सुबह 11.00 बजे खोले जाएंगे। इच्छुक लेबर ठेकेदार / पैक्स / लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय पुरानी अनाज अनाज मंडी नारनौल दिनांक 14.03.2025 सांय 4.00 बजे तक टेंडर फॉर्म तथा नियम व शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक
दी नारनौल सहकारी विपणन समिति लि_नारनौल

**दी अटेली को-ऑपरेटव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड अटेली**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अटेली मंडी में सरसों की खरीद के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवश्यकता है जो कुशल लेबर ठेकेदार दी अटेली सहकारी विपणन समिति अटेली के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 15.03.2025 को सुबह 10.00 बजे तक अपना आवेदन जमा करें। टेंडर फॉर्म प्रबंधक कमेटी के सामने दोपहर 2.00 बजे खोले जाएंगे। इच्छुक लेबर ठेकेदार / पैक्स / लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय नई अनाज अनाज मंडी अटेली दुकान नंबर 32 दिनांक 14. 03.2025 सांय 4.00 बजे तक टेंडर फॉर्म तथा नियम व शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक दी अटेली सहकारी विपणन समिति अटेली

## खबर संक्षेप


सिरसा। डोडापोस्त के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### 120 किलो डोडापोस्त सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान ओवरब्रिज बेहरवाला रोड तलवाड़ा खुर्द क्षेत्र से कार सवार एक युवक को लाखों रुपए के 120 किलो 440 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि ऐलनाबाद सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी।

### फैक्ट्री में काम करते समय मजदूर की बाजू कटी

**यमुनानगर।** जगाधरी के गौरी शंकर लिंक रोड स्थित वीवान इंडस्ट्रीज में काम करते समय मशीन की चपेट में आने से मजदूर की बाजू कट गई। घायल मजदूर के परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी फैक्ट्री मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव पिरथी का माजरा निवासी गुरदयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सुभाष जगाधरी के गौरी शंकर लिंक रोड स्थित वीवान इंडस्ट्रीज में नौकरी करता है।

### 2.18 लाख के टेलीग्राम टास्क फ्रॉड में 2 दबोचे

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर 28 के रहने वाली एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 जुलाई 2024 को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें ठग ने घर बैठे पैसे कमाने बारे कहा और अपना नाम भूमि बताया।

---

हिसार: 10 मार्च को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में

# 9 आईपीएस व 26 डीएसपी के अलावा दो हजार जवान होंगे तैनात

- आयोजन स्थल के एक किलो मीटर में रेड जोन घोषित
- क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, होटल और लॉज की जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर मंथन करते हुए एसपी**


हिसार। पुलिस अधिकारियों की बैठक में आवश्यक निर्देश देते पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय व बालसमंद रोड स्थित पीस पैलेस में आ रही राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा व्यवस्था बारे पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके तहत पुलिस प्रशासन ने शनिवार को रिहर्सल भी की। रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सभी पुलिस अधिकारियों सहित एयरपोर्ट गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंदर और बाहर की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान रूट प्लान के संबंध में विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। रूट के दौरान पड़ने वाले एंट्री और एग्जिट रास्तों के बारे रिव्यू किया। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कहा है कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रपति का हिसार दौरा 10 मार्च को प्रस्तावित है। यहां वे गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कार्यक्रम में शिरकत करेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में 9 आईपीएस के अलावा 26 डीएसपी और लगभग दो हजार जवानों की तैनाती की गई है। राष्ट्रपति का काफिला जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां पर स्थित ऊंची भवनों को चिन्हित किया गया है। उनके आगमन से पहले ऊंचे भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी।

#### सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए

कार्यक्रम स्थल के आसपास अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा। कार्यक्रम स्थल में सिर्फ पास युक्त लोगों को ही प्रवेश करने दिया जाएगा। रिहर्सल के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस आधिकारिक मेस में सभी पुलिस अधिकारियों सहित मीटिंग का आयोजन कर रिहर्सल के दौरान मिली कमियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। सभी थाना प्रबंधकों को लगातार गश्त पर रह चेकिंग करने के बारे निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने अपने क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, होटल और लॉज की जांच करें। किसी भी हालत में सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए।

---

पैसों के लेन देन में हुई थी कहासुनी

## यमुनानगर में सिर में ईंट मारकर युवक की हत्या

- साथियों ने फोन से बुलाकर वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। शनिवार को घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

गांव टोपरा कलां में कहासुनी होने पर तीन दोस्तों ने बीती रात युवक पर ईंटों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी तीनों दोस्तों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव टोपरा कलां निवासी रमन की दो दिन पहले गांव के ही पारसए सचिन व मुस्तकीम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय दोस्तों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। बताया जा रहा है कि रात करीब आठ बजे आरोपी पारसए सचिन व मुस्तकीम ने रमन को फोन करके उसे गांव की आंगनवाड़ी में मिलने के लिए बुलाया। जब रमन आंगनवाड़ी में पहुंचा तो तीनों आरोपियों ने उस पर ईंटों से हमला कर दिया। जिससे रमन गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे खून से लथपथ हालत में छोड़कर मौके से भाग गए। परिजन गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया। रमन की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।


मृतक रमन

---

### जितेंद्र को 3.8 लाख के पैकेज के साथ गुरुग्राम में नियुक्ति मिली

**गुरुग्राम।** डीपीजी पालीटेक्निक के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र जितेंद्र ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नोवस हाई-टेक कंपनी में चयनित होकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। जितेंद्र को 3.8 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) के आकर्षक वेतन पैकेज के साथ गुरुग्राम में नियुक्ति मिली है। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में कई छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 15 विद्यार्थीयों को अगली चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बाद, जितेंद्र ने अपने प्रदर्शन से नोवस हाई-टेक में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कॉलेज के वाइस चेयरमैन ने भी जितेंद्र की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों की सफलता ही असली पहचान है।

---

दिल्ली के अस्पताल में उपचार, घायल के बयान पर केस

## दिल्ली पुलिस के जवान की गुंडागर्दी सिक्योरिटी गार्ड की आंख पर मारी चोट

- खजांची ने पर्याप्त रुपये न होने की बात कही, जिस पर युवक भड़क गया, बचाव करने के लिए पहुंचा तो चोट मार दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बैंक में नकदी लेने आए दिल्ली पुलिस के जवान की गुड़ागर्दी देखने को मिली। आरोप है कि जवान ने सिक्योरिटी गार्ड पर हमला कर घायल कर दिया। गार्ड को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। घायल का दिल्ली के अस्पताल में आंख का ऑपरेशन हुआ है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मयूर विहार निवासी महताब ने बताया कि वह मॉडल टाउन स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बतौर सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात है। बैंक में अपनी ड्यूटी पर तैनात था। उसी दौरान बैंक में एक युवक अपनी मां संतोष के साथ रुपये निकलवाने के लिए बैंक में आए हुए थे।

उन्होंने बैंक से करीब पांच लाख रुपये की राशि निकालने की बात कही। खजांची ने पर्याप्त रुपये न होने की बात कही। जिस पर युवक भड़क गया। बीच-बचाव करने के लिए वह आया। अपनी मां के साथ आए रवि नाम के युवक पर उस पर हमला कर दिया। उसकी आंख पर चोट लगी। दोनों मां-बेटा उसे धमकी देकर फरार हो गए।

---

### आरोपियों से दो देसी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 व क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अलग-अलग मामलों में आरोपी नितेश, अक्षय व विकास को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 मार्च को फरीदाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 देसी कट्टे व 2 जिंदा कारतूस बरामद करके 3 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने नितेश वासी बाबा मोहन राम कॉलोनी भूपानी फरीदाबाद व अक्षय निवासी मोहन गार्डन दिल्ली को मवई कट खेड़ी पुल से काबू किया है। आरोपी नितेश के पास से देसी कट्टा बरामद हुआ तथा आरोपी अक्षय से दो कारतूस बरामद हुए। सेक्टर 65 की टीम ने विकास निवासी जीवन नगर गौंछी पार्ट-2 फरीदाबाद को देसी कट्टा सहित काबू किया है।

---

यूपी से दस दिन पहले खरीद कर लाया था अवैध हथियार

## झज्जर में पत्नी ने कराई पति की हत्या, तीन गिरफ्तार, चाचा से थे महिला के प्रेम संबंध

- युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


झज्जर। पत्रकारों को मामले की जानकारी देते हुए एसीपी अनिल कुमार और पीछे खड़े आरोपी।

क्षेत्र के गांव महराणा में गोली मार कर युवक की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा युवक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी अनिल कुमार ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि सीआईए झज्जर और थाना दुजाना की पुलिस टीम ने सीसीटीवी और टेक्नीशियन की सहायता से वारदात का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि मृतक मोहित की शादी एक वर्ष पहले धर्मखेड़ी जिला हिसार में हुई थी। मृतक की पत्नी इस रिश्ते से खुश नहीं थी। उसका पहले ही अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध थे। जिन्होंने मोहित को अपने रास्ते से हटाने के लिए एक योजना बनाई। योजना के अनुसार सत्यवान ने अपने गांव में काम करने वाले एक प्रवासी मजदूर को अपने साथ लिया। उन्होंने दो मार्च सांय को सत्यवान और प्रवासी मजदूर राज सूर्यवंशी गांव महराणा पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी को कुछ दूरी पर खड़ा कर दिया और सत्यवान ने राज सूर्यवंशी को मोहित को बुलाने के लिए भेज दिया। इसके बाद मोहित, राज सूर्यवंशी के साथ सत्यवान की गाड़ी में बैठ गए। इसके बाद मोहित को दो गोलियां मार दी। जिससे मोहित की मौके पर ही मौत हो गई।



Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694. Authorised Dealers: Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave – 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089.
FCB INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

## बोले नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

# जंग में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से कमजोर देश भी ताकतवर विरोधी बना, हमें चौकन्ना रहने की जरूरत, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जंग के दौर में सप्लाई चैन पर असर

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि आज की टेक्नोलॉजी ने कमजोर विरोधी को भी मजबूत बना दिया है और ऐसे में सबसे पहले हमें चौकन्ना रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जंग के दौर में सप्लाई चैन पर असर पड़ता है और ऐसे में हमें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना है। जंग के समय अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए दोस्त भी साथ छोड़ सकते हैं, इसीलिए हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। इसके अलावा हमें खुद पर भरोसा रखना चाहिए और वक्त के साथ रणनीति को बदलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन जंग ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि भविष्य के युद्ध छोटे होंगे। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी ने जंग के दौरान कमजोर देश को भी ताकतवर दुश्मन को चुनौती देने का मौका दिया है, खासकर जब उन्हें अन्य देशों का समर्थन मिल रहा हो।

नौसेना प्रमुख ने कहा जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं।

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि जंग में हथियारों का इस्तेमाल और क्षेत्र नहीं बदले लेकिन समय के साथ जंग के तरीके बदल गए हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह टेक्नोलॉजी है। भारतीय नौसेना ने भी हालात के हिसाब से खुद को आधुनिक बनाया है जिसमें अनमैन्ड व्हीकल आदि शामिल हैं*

### नेवी ने किया दो टास्क फोर्स का गठन

*एडमिरल त्रिपाठी ने इस बात पर जोर दिया कि आर्मी, नेवी और एयर फोर्स रक्षा मंत्रालय के पर्याप्त सहयोग से इनोवेशन और स्वदेशीकरण की तरफ आगे बढ़ा रही हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ तीनों सशस्त्र बल इस कोशिश में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि नेवी ने ऐसे स्टार्टअप्स की मदद के लिए दो टास्क फोर्स का गठन किया है, जिनके पास उपकरण विकसित करने की क्षमता है, लेकिन खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं है।*

### हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की नजर

### जंग में वक्त के साथ रणनीति को बदलना जरूरी

### पाक 300 किमी तक हमारे क्षेत्र में नहीं आ सकता

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने दोस्तों और दुश्मनों दोनों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में हर गतिविधि पर नेवी की पैनी नजर है। चीन के हर जंगी जहाज पर नेवी नजर बनाए हुए है। चीन अभी से नहीं काफी पहले से पाकिस्तान की नेवी, आर्मी और एयरफोर्स को मदद दे रहा है लेकिन उसमें हम कुछ नहीं कर सकते। हमारा काम है उनकी रणनीति का जवाब देना है। पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट कैरियर हमारे क्षेत्र में कहीं से भी 300 किमी के अंदर तक नहीं आ सकता क्योंकि नेवी की निगरानी काफी मजबूत है और ऐसे में उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा।

### एफ-35 विमानों पर वायुसेना प्रमुख की दो टूक

## यह कोई फ्रिज नहीं है कि देखा और खरीद लिया



*हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट बेचने की पेशकश की थी। इसे लेकर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस विमान पर अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने भारत को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को अपनाने और अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। एपी सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने अभी तक एफ-35 विमान का विश्लेषण नहीं किया है और इसकी लागत भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि हमें इसे सावधानीपूर्वक विश्लेषण करना होगा कि हमारी आवश्यकताएं क्या हैं और इस विमान के साथ क्या मिलता है। लागत भी इसका एक हिस्सा है।*

## कठुआ में 3 लापता लोगों के शव मिले, हत्या का शक



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन लापता लोगों के शव बिलिवार की ऊपरी पहाड़ियों पर मिले। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। सभी तीन दिन पहले आतंकवाद प्रभावित इलाके से लापता हुए थे। इनकी पहचान जोगेश सिंह (35 साल), दर्शन सिंह (40 साल) और वरुण सिंह (14 साल) के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों 6 मार्च की रात करीब 8:30 बजे एक शादी में शामिल होने के लिए निकले थे।

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बेलफास्ट में भारतीय महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, जयशंकर बोले

# भारत-यूके व्यापार संबंधों को मिलेगा नया बल, हम एफटीए पर चर्चा कर रहे

एजेंसी ▶▶ बेलफास्ट

- यूके-यूरोपियन नीतियों के बीच भारत एक महत्वपूर्ण कड़ी
- कौशल, साइबर, तकनीकी और विनिर्माण में करेंगे सहयोग

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को मैनचेस्टर में भारत के दूसरे महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इसके पहले शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस दूतावास का उद्घाटन भारतीय प्रवासियों की बढ़ती संख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है।

■ मैनचेस्टर में भारत के दूसरे दूतावास का उद्घाटन


जयशंकर ने दूतावास के उद्घाटन समारोह में समुदाय के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कदम भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रवासी समुदाय के योगदान को सराहने का प्रतीक है। बता दें कि बेलफास्ट में भारतीय समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है, जो पिछले जनगणना के अनुसार लगभग 10,000 लोगों का घर है। जयशंकर ने कहा कि इस दूतावास का उद्घाटन भारत की यूके और यूरोपियन नीतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है और यह दोनों क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भारत और यूके दोनों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।



### भारतीय समुदाय को मिलेंगी बेहतर सेवाएं

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की आर्थिक संभावनाओं का भी उल्लेख किया, विशेष रूप से इसकी जहाज निर्माण क्षमता और वहां भारतीय आईटी कंपनियों की उपस्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत प्रवासी समुदाय के योगदान को बहुत प्राथमिकता देता है और इस दूतावास के माध्यम से भारतीय समुदाय को बेहतर सेवाएं देने की कोशिश की जाएगी।

### आयरलैंड के मंत्रियों के साथ बैठक



*समारोह के बाद, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड की उप-प्रथम मंत्री एम्मा लिटिल-पेंगेली और जूनियर मंत्री आइसलिंग रेली के साथ कुछ राजनीतिक बैठकों का आयोजन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस दूतावास की स्थापना में मिले समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।*

### क्वीन्स यूनिवर्सिटी का दौरा किया




*जयशंकर ने बेलफास्ट में क्वीन्स यूनिवर्सिटी का दौरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इसका जिक्र करते हुए कहा कि क्वीन्स यूनिवर्सिटी का दौरा करके अच्छा लगा। गुजरात के गिफ्ट सिटी में उनका आगामी परिसर शिक्षा में संबंधों की क्षमता का एक उदाहरण है। उन्होंने बेलफास्ट की क्वीन्स यूनिवर्सिटी में अध्ययन कर रहे भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की सराहना की।*

## कनाडा पर दोतरफा मार

# ट्रंप के बाद अब चीन ने भी लगाया भारी भरकम टैरिफ

एजेंसी ▶▶ ओटावा



कनाडा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच अब चीन ने भी कनाडाई उत्पादों पर भारी भरकम शुल्क लगा दिया है। बीजिंग ने शनिवार को घोषणा की कि वह 2.6 अरब डॉलर से अधिक के कनाडाई कृषि और खाद्य उत्पादों पर टैरिफ लगाएगा। यह कदम कनाडा द्वारा अक्टूबर में चीनी वस्तुओं पर लगाए गए आयात शुल्क के जवाब में उठाया गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, ये टैरिफ 20 मार्च से लागू होंगे। यह शुल्क कनाडा द्वारा चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों, स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर लगाए गए 100% और 25% टैरिफ के बराबर ही है।

### डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन किया

*चीन ने यह कदम कनाडा के लिए एक चेतावनी के रूप में भी उठाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कनाडा के कदम विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन हैं और ये एक प्रकार का संरक्षणवादी रवैया दर्शाते हैं, जिससे चीन के वैध व्यापारिक अधिकारों को भारी नुकसान पहुंच रहा है।*

### कार्नी पीएम पद के मुख्य दावेदार



कनाडा के निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। अब ट्रंप के टैरिफ वार के बीच क्राइसिस मैनेजमेंटमें माहिर और अनुभवी केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी का नाम कनाडा के पीएम के मुख्य दावेदार के रूप से सामने आ रहा है। 59 साल के मार्क कार्नी कनाडा के अगले पीएम बन सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव में लगभग 140,000 पार्टी सदस्य हिस्सा लेंगे, और विजेता की घोषणा रविवार को होने की उम्मीद है। निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने के लिए सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी का नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में आया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

## मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन का दावा

# बांग्लादेश में हालात गंभीर, 2 माह में 85 महिलाओं से रेप

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने देश की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा कि समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फौजिया मोस्लेम ने बताया कि मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन (एमएसएफ) ढाका की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं।

## सेना के टी-72 टैंक को मिलेगा अधिक शक्तिशाली इंजन

# भारत और रूस के बीच 248 मिलियन डॉलर की बड़ी डील

रूस की रोसोबोरोन एक्सपोर्ट भारत को टेक्नोलॉजी भी देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली 1000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट किया। इस सौदे में रोसोबोरोनएक्सपोर्ट से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्ट्री), अवाडी, चेन्नई को ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी (टीओटी) भी शामिल है।

### भारत रूसी सेना पर आत्मनिर्भरता समाप्त करे

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

### 1000 एचपी इंजन से लैस करेंगे



रूस में निर्मित टी-72 भारतीय सेना के बेड़े का मुख्य टैंक है, जो अभी 780 हॉर्स पावर इंजन से संचालित है। भारत के पास टी-72 टैंक के कुल तीन वेरिएंट हैं। टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को अब 1000 एचपी इंजन से लैस किया जाएगा, जिससे भारतीय सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी।


## अवैध शरणार्थी 31 मार्च तक पाकिस्तान छोड़ें : पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड होल्डर्स को 31 मार्च तक देश छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। गृह मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने 31 मार्च तक देश नहीं छोड़ा तो एक अप्रैल से उन्हें निर्वासित करना शुरू कर दिया जाएगा।

**सूचना**

मैं, मूर्ति देवी पत्नी स्व. श्री धर्मबीर निवासी गांव छिछराना (88), जिला सोनीपत-131301, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र शिव कुमार सोनी तथा उसकी पत्नी प्रियंका सोनी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5801




**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली - 5800 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| ब | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| ब | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



# जिसकी फिरकी में दम, वो बनेगा चैंपियन... भारत के पास 12 साल बाद चैंपियंस खिताब जीतने का मौका

## चार-चार स्पिनर्स की रणनीति के साथ उतरेंगी भारत और न्यजीलैंड की टीमें

एजेंसी ▶▶| दुबई

अब तक अपने प्रत.द्विंद्वियों और आलोचकों को हाशिए पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। दोनों टीमें चार-चार स्पिनर्स उतारने की रणनीति बना रहे हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं ।

■ चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का प्रसारण दोपहर 2 .30 बजे

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है। लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।



### रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा फाइनल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### जियो हॉटस्टार पर देखें मैच

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। टॉस 2 बजे होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क, स्टार स्पोर्ट्स हिन्दी पर प्रसारण होगा। फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। मोबाइल पर जियो हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं।

### वरुण देव का चलेगा चक्र

दाहिने हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिए मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

### फिरकी चौकड़ी पर कीवियों को भरोसा

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। पच्चीस साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था।

**टीमें इस प्रकार है:**


**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड** : मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

## खबर संक्षेप

### ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार

**इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियेन ने मैक्सिको में 6-3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेत्शी से होगा।



### भारत प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड भी मजबूत

**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।



### ग्रुप चरण में मिली हार से बहुत कुछ सीखा

**दुबई।** भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, 'हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'

### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था।

## अरविंद प्राग मास्टर्स में बने चैंपियन दूसरे स्थान पर रहे आर प्रज्ञानानंदा



एजेंसी ▶▶| प्राग

ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने कॅरियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा।

अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानानंदा ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। रविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने ने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और अनीश गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमाटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।

■ नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए



## भारत ने जीती बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है।

## चर्चिल ब्रदर्स ने शिलांग लाजोंग को हराया

एजेंसी ▶▶| गोवा

कोलंबिया के सेबेस्टियन गुटिरेज की हैट्रिक से चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां आई लीग मैच में आठ खिलाड़ियों की शिलांग लाजोंग एफसी पर 6-1 से जीत दर्ज की।

यह मैच नाटकीयता भरा रहा जिसमें दो सनसनीखेज गोल, तीन पेनल्टी, एक आत्मघाती गोल और तीन लाल कार्ड शामिल थे। और यह सब दूसरे हाफ में हुआ। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के तीन गोल के अलावा पापे गसामा (50वें मिनट) और वेडे लेके (90+3वें मिनट) ने भी पेनल्टी को गोल में बदला।



### हैट्रिक लगा दी

इस जीत से चर्चिल ब्रदर्स की टीम इंटर काशी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। दोनों टीम के 18 मैच में 34 अंक हैं लेकिन बेहतर रिकॉर्ड के कारण चर्चिल ब्रदर्स शीर्ष पर है।
मार्कोस रूदवेरे जेनार सिल्वा ने 27वें मिनट में गोल कर शिलांग लाजोंग ने बढ़त दिला थी। चर्चिल ब्रदर्स के लिए गुटिरेज के 52वें, 66वें और 78वें मिनट में हैट्रिक लगा दी। रानित सरकार ने 73वें मिनट में आत्मघाती गोल दागा।

## जॉर्जिया वॉल शतक से चूकीं, डब्ल्यूपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर यूपी वारियर्स जीती

**लखनऊ।** यूपी वारियर्स ने जॉर्जिया वॉल (नाबाद 99 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अपने अंतिम मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 12 रन से जीत दर्ज कर सम्मान के साथ सत्र का समापन किया। इस बड़े स्कोर वाले मुकाबले में हारकर आरसीबी इस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। इस तरह दिल्ली, गुजरात और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। यूपी वारियर्स ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम ने भी शानदार बल्लेबाजी की लेकिन 19.3 ओवर में 213 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। आरसीबी के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 33 गेंद में 69 रन, एलिस पैरी ने 15 गेंद में 28 रन, एस मेघना ने 12 गेंद में 27 रन और स्नेह राणा ने छह गेंद में 26 रन बनाये। यूपी वारियर्स के लिए कप्तान दीप्ति शर्मा और सोफी एक्लेस्टोन ने तीन तीन विकेट झटके जबकि चिनेल हेनरी को दो विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने तेज शुरुआत की लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गईं। कप्तान मंधाना फिर नहीं चलीं और तीसरे ओवर में आउट हो गईं।

## शुभमन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड के लिए नामित



**दुबई।** पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के साथ फरवरी के आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गिल ने फरवरी में खेले गए पांच वनडे मैच में 101.50 के औसत और 94.19 के स्ट्राइक-रेट से 406 रन बनाए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में गिल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 87, 60 और 112 रन बनाए।

## इशप्रीत ने स्नूकर क्लासिक के क्वार्टर में रचा इतिहास



**मुंबई।** मुंबई के इशप्रीत सिंह चड्ढा ने शुक्रवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक 2025 के 'बेस्ट-ऑफ-नाइन' क्वार्टर फाइनल मैच में रेलवे के दिलीप कुमार पर 5-0 की जीत के दौरान अधिकतम 147-ब्रेक बनाकर एक तरह का इतिहास रच दिया। इशप्रीत दिग्गज खिलाड़ी गीत सेठी (गुजरात) और आदित्य मेहता (मुंबई) के बाद 147 का ब्रेक बनाने वाले तीसरे भारतीय हैं। कई राष्ट्रीय खिताबों के विजेता सेठी ने 1988 के गुंटूर नेशनल्स के दौरान यह मुकाम हासिल किया था। पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मेहता ने 2013 में बैंगलुरु में एशियाई खेलों के चयन टूर्नामेंट और प्रो सर्किट पर जर्मनी में एक टूर्नामेंट के दौरान 147 का स्कोर बनाया था। मौजूदा एशियाई और स्नूकर में राष्ट्रीय चैंपियन पंकज आडवाणी ने भी रेलवे के मलकीत सिंह को 5-1 से हराया। रेलवे के क्वालीफायर फैजल खान ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ब्रिजेश दमानी को एकतरफा क्वार्टर फाइनल मैच में 5-0 से करारी शिकस्त दी।

## हरियाणा ने फेडरेशन कप सीनियर कुश्ती के पहले दिन दबदबा बनाया

**जालंधर।** फेडरेशन कप सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन हरियाणा ने दबदबा बनाते हुए शनिवार को यहां 15 में से नौ स्वर्ण पदक जीते। पहले दिन पुरुषों की फ्रीस्टाइल में 10 और महिलाओं की कुश्ती में पांच भार वर्गों में मुकाबले हुए। हरियाणा ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में छह और महिलाओं की कुश्ती में तीन स्वर्ण पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल में हरियाणा के स्वर्ण विजेता सुजीत (65 किग्रा), सागर जगलान (86 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सूरज (79 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा) और साहिल जगलान (97 किग्रा) रहे। महिला कुश्ती में अंकुश (50 किग्रा), नीशू (55 किग्रा) और महदी लाथर (68 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
— नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



फसल को मिला सुरक्षा का साथ
मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की उपलब्धियाँ
• 21.95 करोड़ किसान भाई–बहनों को अब तक मिला फसल बीमा का लाभ
• ₹1.72 लाख करोड़ के दावों का भुगतान किसानों को किया
• 72.61 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
महा अभियान
10 फरवरी से 15 मार्च, 2025

देशव्यापी हेल्पलाइन 14447

आपके गाँव में होने वाले शिविर में इन विषयों पर जानकारी प्राप्त करें:
• बीमा पॉलिसी, सरकारी नीतियाँ, भूमि अभिलेख एवं दावे और शिकायत निवारण
• किसानों के प्रशिक्षण हेतु फसल बीमा पाठशाला

व्हॉट्सऐप पर हमसे जुड़ें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY
योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी होंगी। ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश टैरिफ और नॉन टैरिफ बाधाओं को कम करने के प्रयास में लगे हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता से इस मसले का हल निकलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर जबरन कब्जे को लेकर ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसी स्थिति का आकलन करता आजकल का यह अंक..**

# नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहा अमेरिका



कूटनीति
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

**ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया।**

अमेरिका की कमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास दोबारा आने के बाद पिछले क़रीब 75 सालों से जो वर्ल्ड ऑर्डर था, वो बदलता दिख रहा है। ट्रंप अब नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया। दिलचस्प है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस की निंदा करने वाले प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया, लेकिन जैसे ही अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की बिना निंदा किए यूक्रेन में जारी जंग ख़त्म करने का प्रस्ताव लाया तो फ्रांस और ब्रिटेन ने वीटो नहीं किया।

ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और दोनों चाहते तो अमेरिका के इस प्रस्ताव को वीटो कर सकते थे लेकिन दोनों वोटिंग से बाहर रहे। अमेरिका का यह प्रस्ताव 10 वोटों से पास हो गया लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस के अलावा यूरोप के तीन और देश ग्रीस, डेनमार्क और स्लोवेनिया वोटिंग से बाहर रहे। फ्रांस और ब्रिटेन जो चीन और भारत व रूस के दोस्त माने जाते हैं, उनके व्यवहार में भी रूस को लेकर ट्रंप की तरह क्रांतिकारी बदलाव नहीं आया है। यूएन महासभा में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर वोटिंग से चीन और भारत बाहर रहे जबकि अमेरिका ने रूस के पक्ष में मतदान किया। चीन और भारत की विदेश नीति में रूस को लेकर एक तरह की निरंतरता है जबकि अमेरिका के रुख़ में अविश्वसनीय बदलाव आया है। एक वैकल्पिक दुनिया में भारत की अपनी जगह सुरक्षित है। भारत नहीं चाहता है कि क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन या विस्तारवाद का समर्थन या मान्यता दी जाए। भारत यूरोप के साथ भी सकारात्मक संबंध बनाकर रखना चाहता है। रूस के प्रति ट्रंप की उदारता स्थायी है या अस्थायी, इसे अभी समझा जाना बाक़ी है।

### क्या है वैश्विक व्यवस्था

अभी यह देखना बाक़ी है कि ट्रंप का रुख रूस व चीन को लेकर समान रहता है या अंतर रहता है। ट्रंप की नीति पर अभी कुछ भी कहना ख़तरे से ख़ाली नहीं है कि आखिर अमेरिका चाहता क्या है? पर अमेरिका वर्ल्ड ऑर्डर को जरूर बदल रहा है। वर्ल्ड ऑर्डर यानी वैश्विक व्यवस्था का मतलब उस व्यवस्था से है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बना था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र बना था और वैश्विक व्यवस्था के संचालन में इसकी अहम भूमिका थी। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में इस बात को प्रमुखता से शामिल किया था कि कोई भी देश किसी दूसरे देश के भूभाग को जबरन अपने में नहीं मिला सकता है। इस तरह की सैन्य कार्रवाई को अपराध के दायरे में रखा गया था। अमेरिका ने इसी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 1950 में उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ अपने सैनिकों को भेजा था और 1991 में इराक़ी आक्रामकता से लड़ने के लिए सैनिकों की तैनाती की थी।

### जबरन कब्जे की 150 से ज़्यादा घटनाएं

1816 से 1945 के बीच एक-दूसरे देश के भूभाग पर जबरन क़ब्ज़े की 150 से ज़्यादा घटनाएं हुईं, लेकिन 1945 के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी, जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका का संरक्षण हासिल था और इस व्यवस्था के ज़रिए एक-दूसरे के क्षेत्र पर नियंत्रण को रोक दिया गया। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की इस उपलब्धि को पीछे छोड़ चुके हैं। 'लिबरल वर्ल्ड ऑर्डर' प्रतिबद्धताओं, सिद्धांतों और मानदंडों पर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक व्यवस्था है। इसके मूल में अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की महासभा और सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाएं हैं। 'उदार विश्व व्यवस्था' मुक्त व्यापार जैसे मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करती है, जिसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं बरकरार रखती हैं। इसमें सबसे बड़ी धारणा ये वैचारिक मान्यता है कि पश्चिमी उदार लोकतंत्र, सरकार के सर्वश्रेष्ठ मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। अंतरराष्ट्रीय क़ानून के उल्लंघन को संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों के जरिए आधिकारिक रूप से उठाया जा सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आर्थिक प्रतिबंध लगा सकती है या चरम मामलों में सैन्य कार्रवाई को अधिकृत कर सकती है।

### अमेरिका में ही उठ रहे सवाल

ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था के अंत की घोषणा करना जल्दबाजी होगी। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी चुनौतियां बढ़ेंगी। दूसरे विश्व युद्ध के बाद आख़िरकार अमेरिका ने विश्व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कमोबेश एक ज़िम्मेदार देश की भूमिका निभाई है। अब ट्रंप ने उन सारे अंतरराष्ट्रीय नियमों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिसकी अमेरिका वकालत करता था। 'मिसाल के तौर पर ट्रंप पनामा नहर पर अमेरिका का नियंत्रण चाहते हैं और ग्रीनलैंड को जबरन लेना चाहते हैं। ये सारी बातें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। दूसरी तरफ़ अमेरिका कहता था कि यूक्रेन पर रूस का हमला अवैध है। ऐसे में ट्रंप अगले चार सालों में क्या करेंगे। यह बहुत बड़ा सवाल है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए यही अच्छा होगा कि अमेरिकी सहयोगी बनने की बजाय अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ रहे। भारत अपनी बुद्धिमत्ता से काम ले रहा है क्योंकि उसने क्वॉड और ब्रिक्स दोनों में रहकर विकल्प खुला रखा है।

भारत में सरकारें बदलती हैं लेकिन विदेश नीति में एक किस्म की निरंतरता है। अमेरिका की तरह नहीं है कि बाइडन रूस के ख़िलाफ़ हैं और ट्रंप आए तो रूस के दोस्त बन गए। भारत की विदेश नीति की बुनियाद गुट निरपेक्षता में रखी गई थी यानी भारत किसी गुट में नहीं होगा। भारत की इस विदेश नीति का पालन सभी सरकारों ने किया। पिछले 11 सालों से बीजेपी की सरकार है और यह सरकार बहुध्रुवीय दुनिया की वकालत कर रही है। भारत किसी गुट में नहीं है और भारत सभी गुटों में है। भारत पारंपरिक रूप से बहुपक्षीय वैश्विक संस्थानों और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक रहा है। भारत नहीं चाहता है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो ग्लोबल ऑर्डर बना था, वो ध्वस्त हो जाए। भारत ने इसी ग्लोबल ऑर्डर में अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश की, लेकिन ज़रूरी नहीं है कि यह व्यवस्था नष्ट होती है तो भारत के ख़िलाफ़ ही जाएगा। भारत समेत उन सभी देशों के लिए संदेश है कि आप किसी की पीठ थपथपाने से बैटल ग्राउंड मत बनिए। भारत को इस सच का सामना करना होगा कि पुरानी दोस्ती और साझेदारी शायद भविष्य में काम न आए। भारत रूस पर भी आश्रित नहीं रह सकता है क्योंकि पुतिन और ट्रंप अब एक ही पाले में हैं। चीन की क़रीबी पाकिस्तान से बढ़ रही है और ग्लोबल साउथ की अहम शक्तियां ब्राज़ील और दक्षिण अफ़्रीका भी दिल्ली की तुलना में बीजिंग के क़रीब हैं।

### क्या होगा जब अमेरिका नाटो से हटेगा

नाटो के लिए अमेरिका इसलिए जरूरी है कि पूरे यूरोप में एक लाख से अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इनमें से कुछ अमेरिकी गैर नाटो अभियानों में भी सहायता करते हैं। इस वक्त यूरोपीय देशों में से जर्मनी में सबसे अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इसके बाद इटली और ब्रिटेन में अमेरिकी सेना है। फिर पूरी दुनिया को पता है कि अमेरिका वैश्विक महाशक्ति है, जिसकी जीडीपी साल 2024 में बाकी सभी नाटो सदस्य देशों के बराबर थी। रक्षा पर अमेरिका का कुल खर्च नाटो के कुल खर्च का दो तिहाई है। इन सबसे जाहिर है कि अगर अमेरिका नाटो का साथ छोड़ता है तो सदस्य देशों की सैन्य क्षमता में कमी आएगी। नाटो में अमेरिका के नहीं होने से संगठन की सैन्य क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अलग हो जाएगा। इससे सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा की स्थिति कमजोर होगी। हालांकि, जर्मनी के होने वाले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने यूरोप के सभी देशों से कहा है कि जितनी जल्द संभव हो यूरोप को और मजबूत करने की जरूरत है, जिससे अमेरिका से आजादी मिल सके। अमेरिका से नाटो को मिलने वाली फंडिंग भी रुक जाएगी और बाकी सदस्य देशों के लिए खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। नाटो के बाकी देशों के पास कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, स्पेस वेपंस और हथियारों की सप्लाई का भी विकल्प नहीं है। ऐसे में यूरोप को खतरे का सामना करना पड़ेगा, खासकर रूस यूरोप पर हमलावर हो सकता है, जिसके लिए यूरोप न तो तैयार है और न ही सालों में तैयारी कर पाएगा। अमेरिका के साथ छोड़ने के बाद यूरोप के देशों को अपनी सैन्य ताकत अपने देश की रक्षा में लगानी होगी और यूक्रेन को तुरंत ही हथियारों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

### अमेरिका का प्रभुत्व भी घटेगा

यूएन से अमेरिका के हटने से खुद ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा, बल्कि इससे अंकल सैम के सामने समस्या ही आएगी। यूरोप के देश अपने यहां ही नहीं, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में भी अमेरिका को ठहरने नहीं देंगे। इनमें से बहुत से देश रूस और चीन के करीब चले जाएंगे।

सबसे पहले तो यही होगा कि वैश्विक मंच से अमेरिका नदारद हो जाएगा। उसका वीटो का अधिकार खत्म हो जाएगा। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के पांच स्थायी सदस्यों में से एक अमेरिका को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ेगी। यूएन का साथ छोड़ने से वैश्विक स्तर पर अमेरिका का वार्ता और मध्यस्थता का अधिकार खत्म होगा ही, वैश्विक मुद्दों पर इसकी पकड़ कमजोर होगी और चीन की पकड़ बढ़ती जाएगी। अमेरिका के साथ छोड़ने पर यूएन की एजेंसियों की मजबूरी होगी कि वे चीन के झंडे के नीचे आ जाएं। चीन इसे अवसर की तरह लपकेगा।

# टैरिफ से मुकाबले को भारत की रणनीति



ट्रेड वार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

हाल ही में 5 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किन्तु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी।

यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमेरिका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जोकि बेहद कम है।

### उपयुक्त टैरिफ रियायतें

सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमेरिका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। जहां भारत में अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल, दवाई, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमिनियम और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर्स में चिंताएं हैं, वहीं भारतीय शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। निःसंदेह टैरिफ वार की इन चुनौतियों के बीच भारत अमेरिका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहाँ अमेरिका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद हैं, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुठ्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है।

### डब्ल्यूटीओ अब मुख्य स्तम्भ नहीं

नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं।

ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमेरिका से आने



वाली वस्तुओं पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी को नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है।

इसी तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमेरिका के टैरिफ वार के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएँ भारत की मुठ्ठी में एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। एक ओर अमेरिका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमेरिका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमे से कई क्षेत्रों में अमेरिका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है।

### वैश्विक व्यापार बढ़ने के मौके

इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप के रुख और उनकी नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है।

चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमेरिका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुठ्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि सरकार अमेरिकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमेरिका सहित अन्य देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

# वैश्विक व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़



टैरिफ नीति
डॉ. मोनिका राज
शोधार्थी , नव नालन्दा महाविहार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। यह निर्णय विशेष रूप से उन देशों के खिलाफ लक्षित है जो अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस नीति के तहत यदि कोई देश अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उनके निर्यात उत्पादों पर समान या अधिक शुल्क लगाएगा।

### व्यापारिक संबंध और असंतुलन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध दशकों से मजबूत रहे हैं। भारत अमेरिका को 52.9 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत में 29.6 अरब डॉलर का आयात होता है। इस व्यापार असंतुलन के चलते अमेरिका को घाटा होता है, और ट्रंप प्रशासन इसे संतुलित करने के प्रयास में पारस्परिक टैरिफ लागू करने की नीति अपना रहा है। अमेरिका का कहना है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल और अन्य वस्तुओं पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है, जो अनुचित है। ट्रंप प्रशासन की यह शिकायत केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, ब्राजील, कनाडा, मैक्सिको जैसे अन्य देशों के खिलाफ भी इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि अब अमेरिका को भी ऐसे देशों के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने होंगे।

### भारतीय निर्यातकों को कठिनाई

अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है, विशेष रूप से आईटी, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में। यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो इन उद्योगों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। भारतीय आईटी कंपनियां अमेरिका में बड़ी संख्या में सेवाएं प्रदान करती हैं। अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियां भी भारतीय टैलेंट और आईटी सेवाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, यदि अमेरिका व्यापार नीतियों को सख्त करता है और भारतीय आईटी कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स या शुल्क लगाता है, तो इससे भारत के आईटी क्षेत्र को झटका लग सकता है।

### कम होगी प्रतिस्पर्धात्मकता

भारत दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा निर्यातकों में से एक है। अमेरिका भारतीय दवाओं का एक प्रमुख खरीदार है। यदि इस क्षेत्र पर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो भारतीय दवा कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है और अमेरिकी दवा कंपनियों को इसका फायदा मिल सकता है। अमेरिका ने यह स्पष्ट किया है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है। इस नीति के कारण अमेरिका भी



भारतीय ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा सकता है, जिससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में बिक्री कम हो सकती है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ नीति लागू करने से वैश्विक व्यापार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह नीति केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील जैसे देशों को भी प्रभावित करेगी। अगर ये देश भी जवाबी कदम उठाते हैं, तो यह एक व्यापार युद्ध का रूप ले सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही व्यापार युद्ध चल रहा है।

अगर अमेरिका अपनी टैरिफ नीति को और सख्त करता है, तो चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इससे दुनिया भर में कच्चे माल और उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे वैश्विक व्यापार अस्थिर हो सकता है। यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक मतभेद हैं। यूरोप भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, और अगर अमेरिका यूरोपीय देशों के खिलाफ इस नीति को लागू करता है, तो व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। अगर विभिन्न देश एक-दूसरे के खिलाफ टैरिफ बढ़ाते हैं, तो यह वैश्विक व्यापार को धीमा कर सकता है और आर्थिक मंदी को बढ़ावा दे सकता है। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ा झटका साबित हो सकता है।

### भारत क्या रणनीति अपनाए?

भारत को अमेरिका के इस कदम का जवाब सोच-समझकर और कूटनीतिक तरीके से देना होगा। कुछ संभावित रणनीतियों पर विचार किया जा सकता है। भारत को अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करनी चाहिए। उच्चस्तरीय बैठकों और व्यापारिक वार्ताओं के माध्यम से समाधान निकालने की जरूरत होगी। भारत को अपनी निर्यात नीति को विविधता प्रदान करनी होगी। वर्तमान में भारत का व्यापारिक ध्यान मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप पर केंद्रित है, लेकिन अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भी नए व्यापारिक अवसर तलाशने होंगे। अगर अमेरिका भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, तो भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत होगी।

### स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दें

स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना और नए बाजारों में विस्तार करना इस समस्या का एक समाधान हो सकता है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा भारत और वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव डाल सकती है। इससे भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, और अमेरिका के साथ व्यापार घाटा कम करने की दिशा में भारत को नई रणनीति अपनानी होगी। इसके साथ ही, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव पैदा कर सकती है और अन्य देशों को भी अमेरिकी नीतियों के खिलाफ कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

भारत को अपनी निर्यात रणनीति को मजबूत करने, नई तकनीकों को अपनाने और व्यापार विविधता लाने की दिशा में काम करना होगा, ताकि इस तरह के आर्थिक झटकों से बचा जा सके। इसके साथ ही, सरकार को अमेरिका के साथ संवाद बढ़ाकर व्यापारिक संबंधों को संतुलित बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इस पूरी स्थिति में भारत को अपनी कूटनीतिक शक्ति और आर्थिक नीतियों को संतुलित करने की आवश्यकता होगी। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो वह इस संकट को अवसर में बदल सकता है और वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।

## महिला दिवस : प्रधानमंत्री ने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से की बात

# मैं दुनिया में सबसे अमीर, मेरे खाते में करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद : पीएम मोदी

**नवसारी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। प्रधानमंत्री ने कहा- मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।



### मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया

चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री, 2019 में पहली बार हमारी संसद में 78 महिला सांसद चुनी गईं हैं। कामकाजी महिलाओं को पहले सिर्फ 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था। हमारी सरकार ने इसे 26 हफ्ते कर दिया है। आज के कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी महिलाओं ने अपने ऊपर ली। यह महिलाओं के ऊंचे आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत महिला नेतृत्व का एक महान उदाहरण है। महिलाओं के श्रम और पराक्रम से ही देश का विकास हुआ है। गुजरात के गांवों की लाखों महिलाओं ने आज दूध उत्पादन में क्रांति ला दी है।

### 6 महिलाओं ने संभाला सोशल मीडिया अकाउंट्स

**1 | वैज्ञानिक एलिना मिश्रा**



परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी शोध के लिए पहचान

**2 | वैज्ञानिक शिल्पी सोनी**



- अंतरिक्ष अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान
- शोध और विज्ञान में महिलाओं की ताकत बढ़ाई

**3 | सीईओ अजयता शाह**



फ्रंटियर मार्केट्स की सीईओ अजयता शाह ने 35,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर ग्रामीण भारत में एक नई लहर शुरू की

**4 | शतरंज खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू**



छह साल की उम्र में कड़ी मेहनत से 2023 में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया।

**5 | 'मशरूम लेडी' अनीता देवी**



बिहार की अनीता देवी ने 2016 में माधोपुर फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी की स्थापना की।

**6 | डॉक्टर अंजली अग्रवाल**



दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक स्थलों को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया

## दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये, कैबिनेट ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि महिला समृद्धि योजना को लागू करने के लिए उनकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। यह एक कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य गरीब महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली कैबिनेट ने योजना के कार्यान्वयन के लिए 5,100 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''हमने दिन में कैबिनेट की बैठक की और कैबिनेट ने हमारे (सत्तारूढ़ भाजपा) द्वारा (चुनाव) घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपनी मंजूरी की मुहर लगा दी है। इसने दिल्ली में गरीब महिलाओं की सहायता के लिए योजना को मंजूरी दे दी है।'' गुप्ता ने कहा कि योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उनकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

## राहुल ने पार्टी को दिखाया आईना

# कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं कई बब्बर शेर, पर वे चेन से बंधे



एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दौरान उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। राहुल ने यहां तक कह दिया है कि 20-30 लोगों को निकालना पड़ेगा तो निकाल दो। राहुल ने कहा कि मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी।

### मैं यहां कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया

गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा कि उन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहे। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। एक मेरी बैठक हो रही थी, जिसमें एक कार्यकर्ता ने कहा कि दो तरीके के घोड़े होते हैं, एक होता है रेस का और दूसरा होता है बारात का। कांग्रेस पार्टी बारात के घोड़े को रेस में, और रेस के घोड़े को बारात में डाल देती है। अब गुजरात की जनता भी ये देख रही है कि रेस में बारात के घोड़े डाले हुए हैं।

## एयर इंडिया ने 82 साल की महिला को व्हीलचेयर नहीं दी

# एयरपोर्ट परिसर में गिरीं, होंठ से खून बहा, सिर नाक पर भी चोट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशन एयरपोर्ट पर 82 साल की महिला को एयर इंडिया ने व्हीलचेयर देने से मना कर दिया। वह इसके लिए एक घंटे तक इंतजार करती रहीं। फिर काफी दूर तक चलना पड़ा। बाद में एयरलाइन काउंटर के पास वह गिर गईं। गिरने से महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, लेकिन वहां मौजूद किसी भी स्टाफ ने मदद नहीं की। वे दो दिन से बेंगलुरु के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिला की पोती पारुल कंवर ने 7 मार्च को एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि 4 मार्च को वे अपनी दादी के साथ दिल्ली से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने टिकट बुकिंग के दौरान ही दादी के लिए एयरक्राफ्ट डोर तक व्हीलचेयर की डिमांड की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी। लेकिन टर्मिनल-3 पर 1 घंटे के इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं दी गई। परिवार ने डीजीसीए और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज की है और अब कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

### एयर इंडिया बोला दावा गलत

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा- परिवार के सदस्यों ने प्रस्थान के निर्धारित समय से 90 मिनट से भी कम समय पहले पर्सन्स विद रिड्यूस्ड मोबिलिटी डेस्क पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया था। उस समय पीक डिमांड की वजह से व्हीलचेयर को 15 मिनट के भीतर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। पैसेंजर्स का एक घंटे इंतजार करने का दावा गलत है।

## महाराणा प्रताप व शिवाजी असली नायक : योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। योगी ने सपा नेता अबू आजमी का नाम लिए बगैर कहा, जो लोग राष्ट्र नायकों को सम्मान नहीं दे सकते, वे किसी मानसिक विकृति के शिकार हैं। उनके इलाज की आवश्यकता है। योगी ने कहा- असली नायक तो महाराणा प्रताप हैं, जिन्होंने अकबर को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। नायक तो छत्रपति शिवाजी महाराज हैं, जिन्होंने औरंगजेब को घुट-घुटकर बेमौत मरने के लिए मजबूर कर दिया। इसलिए नायक शिवाजी महाराज हैं, औरंगजेब नहीं हो सकता। जिन्होंने संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया हो वह हमारे नायक नहीं हो सकते।

## विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं : बिरला



**जयपुर (भाषा)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सहमति और असहमति को लोकतंत्र की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं है। बिरला ने यहां 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' के शुरुआती कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन विधानसभाओं और संसद में सुनियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए ठीक नहीं, जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विधायी संस्थानों को चर्चा और संवाद का केंद्र बनना होगा। बिरला ने कहा कि भारत का संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक है। पिछले 75 वर्षों में संविधान के मार्गदर्शन में हमने कई परिवर्तन देखे हैं।

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा, 1 की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट (30 साल) के रूप में हुई है। लालगौथांग झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हुआ था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'बड़ा ऐलान' किया

# देश में पहली बार मप्र में धर्मांतरण के बाद दुराचार पर 'फांसी की सजा' का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। देश में पहली बार किसी राज्य में धर्मांतरण कराकर दुराचार करने पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबरन धर्मांतरण कराकर दुराचार करने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे अपराधी को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के प्रति सरकार बहुत ही कठोर है। जोर-जबरदस्ती से और बहला-फुसलाकर कर जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी भी हालत में उन्हें जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन कराकर दुराचार करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे।

### लाड़ली बहना योजना और गैस सिलेंडर रीफिल योजना का पैसा अंतरित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित लाड़ली बहना राशि अंतरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के जरिए 1.27 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में 1552.73 करोड़ की राशि एवं 450 में गैस सिलेंडर रीफिल योजना की 26 लाख से अधिक पात्र हितग्राही बहनों को 55.95 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित कर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है।

आपका अग्रिम कर एक निवेश है
आपके आज के लिए
और उनके कल के लिए



आपके द्वारा दिया हुआ अग्रिम कर राष्ट्र का निर्माण करता है

15 मार्च, 2025
तक अपने अग्रिम कर की चौथी किस्त का भुगतान करें।

**अग्रिम कर के भुगतान के लिए दायी करदाता**

- वेतनभोगी कर्मचारी सहित, कोई भी निर्धारिती, जिसके स्रोत पर काटे गए / संग्रहित किए गए कर के पश्चात, वित्तीय वर्ष के लिए करदेयता ₹10000/- या इससे अधिक है।
- ऐसे निवासी वरिष्ठ नागरिक, जिनकी कारोबार/व्यवसाय से आय नहीं है, वे भुगतान के लिए दायी नहीं हैं।

**भुगतान का तरीका**

- सभी कॉरपोरेट्स तथा ऐसे निर्धारिती जिनके खातों की आयकर अधिनियम 1961 की धारा 44AB के तहत लेखा परीक्षा की जानी अपेक्षित है, उनके लिए ई–भुगतान अनिवार्य है।
- ई–भुगतान अन्य करदाताओं के लिए भी सुविधाजनक है क्योंकि यह सही क्रेडिट सुनिश्चित करता है।

**नियत समय**

| देय तिथि | राशि |
| --- | --- |
| 15 मार्च 2025 को या उससे पहले | देय अग्रिम कर का 100% |

*अग्रिम कर का कम भुगतान करने पर/भुगतान न करने पर या विलम्ब से भुगतान करने पर ब्याज देय होगा।*

ई-ब्रोशर के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

आयकर विभाग
आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
अधिक जानकारी के लिए www.incometax.gov.in पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @Income Tax India @Income Tax India Official

cbc 15401/13/0021/2425

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

Digital India
Power To Empower

RERA REGISTRATION NO
RAJ/P/2017/364
https://rera.rajasthan.gov.in/

# AFFORDABLE HOUSING PLOTS

(Under Affordable Housing Policy, Building Regulation 2011, Govt. of Rajasthan)

## INVITE APPLICATIONS FOR AFFORDABLE HOUSING PLOTS
## NCR - BHIWADI

CC Received & Immediate Registry

Floor Wise Registry Allowed

## Pay Rs. 21,000/- for Registration

Amount is refundable in case of non allocation


33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारिओं के लिए आरक्षित है
पंजीकरण के लिए मात्र 41 प्लाट ही उपलब्ध हैं

## IMPORTANT DATES

Loan Available from all Leading Banks*

**Last Date to Register 16th March 2025**
Register before scheme ends

**Plot Allotment Date-17th March 2025**




## 41 FULLY DEVELOPED PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION

SECTOR 64 BHIWADI, CLOSE PROXIMITY TO BHIWADI KUSHKHERA INDUSTRIAL TOWNS
Approved BY BIDA (Bhiwadi Integrated Development Authority)

| No. of Units | PLOT AREA | Rate Per (Sq.Yd) (Rs) | Registration Amount (Rs) | 9% On Allotment (Minus Registration Amount) (Rs) | 16% on BBA (Within 30days of Allotment) (Rs) | 25% (Within 60 Days of Allotment) (Rs) | 50% On Possession (Within 90 Days of Allotment) (Rs) | Total Cost (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 158.58Sq. Yd. (132.5Sq. Mt.) | 16000/- | 21,000/- | 2,07,355/- | 4,05,965/- | 6,34,320/- | 12,68,640/- | 25,37,280/- |
| 15 | 169.02 Sq. Yd. (141.33 Sq. Mt.) | 16000/- | 21,000/- | 2,22,389/- | 4,32,691/- | 6,76,080/- | 13,52,160/- | 27,04,320/- |
| 17 | 227.77 Sq. Yd. (190.45Sq. Mt) | 16000/- | 21,000/- | 3,06,989/- | 5,83,091/- | 9,11,080/- | 18,22,160/- | 36,44,320/- |
| 2 | 233.48 Sq. Yd. (195.22 Sq. Mt.) | 16000/- | 21,000/- | 3,15,211/- | 5,97,709/- | 9,33,920/- | 18,67,840/- | 37,35,680/- |
| 2 | 236.55 Sq. Yd. (197.96 Sq Mt) | 16000/- | 21,000/- | 3,19,632/- | 6,05,568/- | 9,46,200/- | 18,92,400/- | 37,84,800/- |

# Any other charges/taxes levied by the govt. will be charged as per Extra.

**Nearby Location :** Proposed Green Field Airport | Proposed RRTS/ Neo Metro | Bhiwadi Town

## ADVANTAGES

- 16 Acres Gated Township
- Near Bhiwadi - Alwar Expressway
- Fully Habitable Township
- Siegwerk Factory within 2km Range
- Delhi NCR Biggest Industrial Hub
- 3000 functional Industries In Close Vicinity
- Near Honda & Lenskart Factories
- Fully Developed Infrastructure

## Amenities

Gated Community | Near Bhiwadi toll | Parks | Horticulture | Power Backup | Fresh Water Supply | 3-Tier Security | Playgrounds | Temple

**For Online Registration**
**www.affordableplots.in**
**Call 827-802-1111**

Scan to Register